# बिहार विधान परिषद

(199वां शीतकालीन सत्र)

Short Notice Questions For Written Answers

## 3 दिसम्बर, 2021

----

[शिक्षा - खान एवं भूतत्व - कला, संस्कृति एवं युवा विज्ञान एवं प्रावैधिकी ].

Total Short Notice Question- 8

----

### पद सृजित करने का विचार

*17 **डा. संजीव कुमार सिंह (कोशी शिक्षक):**

क्या **शिक्षा** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-

क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि सूबे के मैट्रिक तथा इंटरमीडिएट छात्र-छात्राओं के नामांकन, पंजीयन, प्रवेश-पत्र एवं परीक्षा-प्रपत्र के साथ-साथ अन्य कार्यालयी कार्य विद्यालय में सहायकों/लिपिकों के अभाव में शिक्षकों को ही करना पड़ता है जिससे पठन-पाठन बुरी तरह प्रभावित होता है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त कार्य हेतु संबंधित सक्षम संस्था बिहार विद्यालय परीक्षा समिति पूर्णतः ऑनलाइन प्रणाली के माध्यम से कार्य कर रही है जबकि शिक्षण संस्थानों को इस कार्य हेतु साइबर अथवा इंटरनेट कैफ़े पर निर्भर रहना पड़ता है, जिसके कारण कतिपय अशुद्धियों हेतु संस्था प्रधान को ही दोषी माना जाता है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त शिक्षण संस्थानों को भी पूर्णतः ऑनलाइन प्रणाली से जोड़ते हुए यहां पर डाटा इन्ट्री ऑपरेटर का पद सृजित करने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## विद्यालय की घेराबंदी

***18 मो. फारूक (विधान सभा):**

क्या **शिक्षा** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-

(क) क्या यह सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के ढाका प्रखंड के करसहिया प्राथमिक कन्या उर्दू विद्यालय की घेराबंदी नहीं होने के कारण छात्राओं को काफी कठिनाई होती है;

(ख) यदि उपर्युक्त खण्ड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय की घेराबंदी कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## उदासीनता के विरुद्ध कार्रवाई

***19 श्री प्रेम चन्द्र मिश्रा (विधान सभा):**

क्या **शिक्षा** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-

क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि राज्य में विगत तीन साल से मुख्यमंत्री विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम योजना का संचालन किया जा रहा है;

(ख) क्या यह सही है कि उपरोक्त कार्यक्रम के संचालन में लापरवाही बरती जा रही है;

(ग) क्या यह सही है कि राज्य में 88,172 से अधिक सरकारी एवं अनुदानित स्कूलों में से 31,610 स्कूलों में अग्निशमन यंत्र नहीं लगाया गया है;

(घ) क्या यह सही है कि लगभग 31,610 स्कूलों में जहां अग्निशमन यंत्र नहीं है, वहीं 18,472 स्कूलों में आपदा प्रबन्धन समिति का ना तो गठन किया गया है ना ही आपदा प्रबंधन के बारे में शिक्षा दी जाती है;

(ड.) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बतलाएगी कि उक्त लापरवाही एवं उदासीनता बरतने वालों के विरुद्ध अभी तक क्या कार्रवाई की गई है, यदि नहीं तो क्यों?

----

## चहारदीवारी का निर्माण कबतक

***20 श्री संजीव श्याम सिंह (शिक्षक गया):**

क्या **शिक्षा** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-

क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि राज्य के कई माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के पास काफी बहुमूल्य जमीन उपलब्ध है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त जमीन में ज्यादातर विद्यालयों की जमीन के हिस्से का अतिक्रमण कर लिया गया है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालयों की जमीन को चिन्हित कर अतिक्रमण मुक्त कराकर चहारदीवारी का निर्माण कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक?

----

## फीस वापस

***21 प्रो. संजय कुमार सिंह (तिरहुत शिक्षक)ः**

क्या **शिक्षा** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-

क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि नालंदा खुला विश्वविद्यालय के द्वारा वर्ष 2019-21 में आयोजित सी०ई०टी० बी०एड० परीक्षा के उपरांत ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा के दूरस्थ शिक्षा निदेशालय के बी०एड० (ओ०डी०एल०) कोर्स में नामांकित 500 प्रशिक्षुओं की काउंसिलिंग फीस 3000/- (तीन हजार) की राशि अबतक निदेशालय के द्वारा वापस नहीं की गई है;

(ख) यदि उपर्युक्त खण्ड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार यह बतलाएगी कि बी०एड० (ओ०डी०एल०) के 500 प्रशिक्षुओं की काउंसिलिंग फीस 3000/- (तीन हजार) की राशि दूरस्थ शिक्षा निदेशालय द्वारा वापस नहीं किए जाने का क्या कारण है और सरकार कबतक उक्त प्रशिक्षुओं का काउंसिलिंग फीस वापस करना चाहती है?

----

## सेवा में बने रहने का आदेश

***22 डा. समीर कुमार सिंह (विधान सभा)ः**

क्या **शिक्षा** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-

क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि क्षेत्रीय शिक्षा उप निदेशक, तिरहुत प्रमंडल, मुजफ्फरपुर के ज्ञापांक – 595, दिनांक – 09.04.2018 के द्वारा श्री विनोद कुमार, लिपिक, मारवाड़ी उच्च विद्यालय, मुजफ्फरपुर एवं श्री मनोज कुमार मिश्र, लिपिक, जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय, मोतिहारी जिनकी सेवा निदेशक माध्यमिक शिक्षा बिहार पटना के ज्ञापांक – 452, दिनांक – 15.04.2000 द्वारा समाप्त की जा चुकी है, को तत्काल प्रभाव से सेवा मुक्त किया गया है;

(ख) क्या यह सही है कि अपर सचिव-सह-निदेशक माध्यमिक शिक्षा बिहार पटना के ज्ञापांक – 9/सा.प्र.आ.-11/2020-1561, दिनांक – 18.09.2020 के द्वारा क्षेत्रीय शिक्षा उप निदेशक, तिरहुत प्रमंडल, मुजफ्फरपुर के द्वारा बिना कारण पृच्छा एवं सुनवाई किये सेवा समाप्ति संबंधी निर्गत आदेश ज्ञापांक – 595, दिनांक – 09.04.2018 को निरस्त किया गया है;

(ग) क्या यह सही है कि खंड 'ख' में वर्णित आदेश के आलोक में श्री विनोद कुमार को अबतक सेवा में बने रहने एवं योगदान करने का आदेश निर्गत नहीं किया गया है जबकि मनोज कुमार मिश्र को योगदान कराया जा चुका है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार अपर सचिव-सह-निदेशक माध्यमिक शिक्षा बिहार पटना के ज्ञापांक – 9/ सा.प्र.आ.-11/2020-1561, दिनांक – 18.09.2020 के आलोक में श्री विनोद कुमार को भी सेवा में बने रहने का आदेश देना चाहती है, यदि हां तो कबतक?

----

## साइबर साहित्य को शामिल

***23 डा. संजीव कुमार सिंह (कोशी शिक्षक):**

क्या **शिक्षा** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-

क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि आज के डिजिटल दौर में आम जनमानस का मूल रूप से इंटरनेट पर निर्भरता के कारण ही साइबर अपराधों की संख्या में बेतहाशा वृद्धि हो रही है;

(ख) क्या यह सही है कि साइबर अपराधियों के निशाने पर व्यक्तिविशेष एवं संपत्तिविशेष के साथ-साथ राज्य तथा देश की सुरक्षा का मामला भी जुड़ा हुआ है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार साइबर क्राइम से सुरक्षित रहने हेतु स्कूली शिक्षा पाठ्यक्रम में 'साइबर साहित्य' को भी शामिल करना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## कम्प्यूटर की व्यवस्था

***24 प्रो. संजय कुमार सिंह (तिरहुत शिक्षक):**

क्या **शिक्षा** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-

क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि सरकार द्वारा राज्य में संस्कृत उच्च विद्यालय संचालित हैं;

(ख) क्या यह सही है कि इन संस्कृत उच्च विद्यालयों में पढ़ने वाले छात्रों को सरकार द्वारा साइकिल, पोशाक एवं अन्य योजना का लाभ दिया जाता है;

(ग) क्या यह सही है कि इन छात्रों को पढ़ने के लिये उक्त विद्यालय में भवन एवं उपस्कर का घोर अभाव है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इन संस्कृत विद्यालयों में भी समग्र शिक्षा अभियान के माध्यम से भवन, उपस्कर एवं कम्प्यूटर आदि की व्यवस्था करना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----